# विस्तृत विज्ञापन संख्या 01/2021–22
# समूह 'क' (विभागाध्यक्ष), समूह 'ख' (व्याख्याता, कर्मशाला अधीक्षक), समूह 'ग' (कर्मशाला अनुदेशक) एवं कनिष्ठ लिपिको के पदों पर भर्ती हेतु मानक एवं अनुदेश (विस्तृत विवरण)

प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राज्य सरकार से सहायता प्राप्त संस्था, दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक, बडौत (बागपत) उत्तर प्रदेश में, लोक सेवा आयोग की परिधि से बाहर, समूह 'क' (विभागाध्यक्ष), समूह 'ख' (व्याख्याता, कर्मशाला अधीक्षक), समूह 'ग' (कर्मशाला अनुदेशक) एवं कनिष्ठ लिपिको के निम्न विवरण के अनुसार नियमित रिक्त पदों पर भर्ती हेतु भारत के नागरिकों से इस विज्ञप्ति के द्वारा निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र के साथ सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा रू0 400–00 (रूपया चार सौ मात्र) तथा सभी वर्ग की महिलाओं, एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी द्वारा रू0 200–00 (रूपया दो सौ मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट जो "प्रधानाचार्य, दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक, बड़ौत (बागपत)" के नाम देय हो संलग्न किया जायेगा। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर समस्त वांछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों व ड्राफ्ट सहित एक बन्द लिफाफे में, जिसमें ऊपर स्पष्ट शब्दों में आवेदित पद का नाम, लिंग (पुरूष/महिला) तथा वर्ग (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) अंकित हो; स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से, अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति, दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक, बड़ौत (बागपत)–250611 के पते पर भेजा जाना है। संस्था कार्यालय में आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन होने की तिथि से 21 दिनों के अन्दर ही सांय 05.00 बजे तक स्वीकार्य/मान्य होंगे। डाक अथवा अन्य किसी प्रकार से उत्पन्न हुए विलम्ब के लिए संस्था उत्तरदायी नहीं होगी। आयु की गणना भर्ती वर्ष 01–07–2021 के आधार पर की जायेगी।

| क्रम संख्या | समूह | पदनाम | वेतन बैण्ड, ग्रेड वेतन | रिक्त पदों का वर्गवार विवरण एवं संख्या | | 01–07–2021 को आयु सीमा | सेवानियमावली एवं उसके पश्चात् निर्गत शासनादेशों के अनुसार अर्हतायें एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ग | संख्या | | |
| 01 | क | विभागाध्यक्ष सिविल (अभियंत्रण विषय) | प्रारम्भिक वेतन 1,31,400 लेवल – 13क1 | सामान्य | 01 | न्यूनतम 28 वर्ष से अधिकतम 45 वर्ष तक | सुसंगत क्षेत्र में पी0एच0डी0 तथा सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम श्रेणी प्राविधिक शिक्षा/शोध/उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम 12 वर्षों का अनुभव हो जिसमें से न्यूनतम व्याख्याता (चयन ग्रेड–एक) के स्तर पर कम से कम 02 वर्ष का पश्च पी0एच0डी0 अनुभव होगा।<br>**अथवा**<br>प्राविधिक शिक्षा/शोध/उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम 15 वर्षों के अनुभव के साथ सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर उपाधि जिसमें से व्याख्याता (चयन ग्रेड–दो) के स्तर पर कम से कम 03 वर्षों का अनुभव हो। |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | **ख** | **व्याख्याता (अभियंत्रण और तकनीकी शाखाये)** | प्रारम्भिक वेतन 56,100 लेवल–9क एवं प्रारम्भिक वेतन 57,700 लेवल 10 अगला वेतन शासनादेश संख्या–474 / सोलह –2–2020–138 (डब्लू) / 99, दिनांक 16–03–2020 में दिये गये उपबन्ध के अनुसार अनुमन्य है। | | | न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक | **व्याख्याता (लेवल–9क, प्रविष्टि वेतन रू0–56100 / –) की सीधी भर्ती के लिये**<br>अभियंत्रण / प्रौद्योगिकी सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में प्रथम श्रेणी के साथ बी0ई0 / बी0टेक0 / बी0एस0<br>**व्याख्याता (लेवल–10, प्रविष्टि वेतन रू0 57,700 / –) की सीधी भर्ती के लिये**<br>तकनीकी शाखाओं के लिए चयन के समय में सुसंगत शाखाओं (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक और स्नातकोत्तर की दो उपाधियों में से एक उपाधि में प्रथम श्रेणी। |
| | | व्याख्याता सिविल इंजी0 | | सामान्य | 01 | | |
| | | व्याख्याता यांत्रिक इंजी0 | | सामान्य | 01 | | |
| | | | | ओ0बी0सी | 01 | | |
| | | | | अनुसूचित जाति | 01 | | |
| | | व्याख्याता इलैक्ट्रिकल इंजी0 | | सामान्य | 01 | | |
| 03 | **ख** | **कर्मशाला अधीक्षक** | प्रारम्भिक वेतन 56,100 लेवल–9क एवं प्रारम्भिक वेतन 57,700 लेवल 10 अगला वेतन शासनादेश संख्या–474 / सोलह –2–2020–138 (डब्लू) / 99, दिनांक 16–03–2020 में दिये गये उपबन्ध के अनुसार अनुमन्य है। | सामान्य | 01 | 21 वर्ष से 40 वर्ष तक | यांत्रिक अभियन्त्रण में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि। |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | **ग** | **कर्मशाला अनुदेशक** | वेतन बैण्ड 9300–34800, ग्रेड पे – 4200–4600–4800 –5400 लेवल – 6, 7, 8, 9 | **सामान्य** मशीन शॉप | **01** | न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक | **1.** राजकीय माध्यमिक प्राविधिक विद्यालय से सम्बन्धित ट्रेड में तीन वर्षीय प्रमाणपत्र अथवा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से सम्बन्धित ट्रेड में प्रमाण पत्र के साथ हाई स्कूल अथवा सम्बन्धित शाखा में डिप्लोमा।<br>**2.** प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात् तीन वर्ष का औद्योगिक अनुभव।<br>(अधिमानी) |
| | | | | **ओ0बी0सी0** स्मिथि शॉप | 01 | | |
| | | | | **अनुसूचित जाति** कारपेन्ट्री शॉप | 01 | | |
| 05 | **ग** | **कनिष्ठ लिपिक** | वेतन बैण्ड 5200–20200, ग्रेड पे – 1900 लेवल – 2 | सामान्य | 02 | न्यूनतम 18 से अधिकतम 40 वर्ष तक | इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अथवा इसके समकक्ष के साथ–साथ कम्प्यूटर संचालन का NIELIT (Formerly Known as DOEACC) द्वारा प्रदत्त सीसीसी (CCC) प्रमाण पत्र उत्तीर्ण तथा हिन्दी/अंग्रेजी में क्रमशः टंकण में कम से कम 25/30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति।<br><br>नोट–कम्प्यूटर/लैपटॉप पर हिन्दी में टंकण हेतु फॉण्ट "Kruti Dev 010" का प्रयोग किया जाना है। |
| | | | | ओ0बी0सी0 | 01 | | |
| | | | | अनुसूचित जाति | 01 | | |

आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट अनुमन्य है। उक्त पदों के लिए अतिरिक्त अधिमानी अर्हता – अन्य बातों के समान होने पर अधिमान दिया जायेगा। जिसमें – (1) प्रादेशिक सेवा में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो या (2) राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

**सामान्य निर्देश –**

**(1)** अभ्यर्थियों को भर्ती अथवा साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु कोई यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं होगा।

**(2)** अभ्यर्थिओं को नियत प्रारूप पर आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप नीचे संलग्न है।

**(3)** अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न करनी होंगी तथा साक्षात्कार के समय समस्त मूल प्रमाण पत्र साथ में लाना होगा।

**(4)** सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा अपने विभाग को सूचना देते हुए आवेदन किया जा सकता है, परन्तु साक्षात्कार के समय विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**(5)** नियोक्ता द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र में वेतनमान/मानदेय एवं कार्य अनुभव का प्रकार (Nature of Duty) का स्पष्ट उल्लेख होना चाहियें।

**(6)** अपने आवेदन पत्र के साथ रूपया 27/— का डाक टिकट लगा, स्वयं के पत्राचार का पता अंकित, लगभग (22X10 सेमी) आकार के दो लिफाफे संलग्न करना अनिवार्य है।

**(7)** निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त अथवा अपेक्षित सूचनाओं से रहित व ऐसे आवेदन पत्र जिस पर अभ्यर्थी का फोटो अथवा हस्ताक्षर नही होंगे, समय से प्राप्त होने पर भी सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा।

**(8)** उ0प्र0 के मूल निवासी आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को आरक्षित श्रेणी के पदों पर नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में शासनादेशो के क्रम में शिथिलता अनुमन्य होगी।

**(9)** उपरोक्त सभी पदों हेतु अन्य बातो के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थियों को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा जिसने प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो या राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

**(10)** इस विज्ञापन के माध्यम से भर्ती के सम्बन्ध में किसी विवाद की दशा में नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा एवं आवश्यक होने पर भर्ती प्रक्रिया कभी भी अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति द्वारा निरस्त की जा सकती है।

**(11)** आवेदन पत्र के साथ सामान्य एवं पिछडी जाति के अभ्यर्थियों को रू0 400/— एवं सभी वर्ग की महिला अभ्यर्थियों तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियो को रू0 200/— मात्र का रेखांकित राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट जो कि **''प्रधानाचार्य, दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक बड़ौत (बागपत)''** के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एवं श्रेणी/वर्ग (अनारक्षित)/अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग) अंकित करना अनिवार्य है।

**(12)** हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा, प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी।

**(13)** किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनियों द्वारा कोई वांछित/आवश्यक सूचना छिपायी जाती है अथवा उसका मिथ्यानिरूपण किया जाता है तो उसका अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है एवं नियमानुसार आवश्यक दण्डात्मक कार्यवाही भी हो सकती है।

**(14)** समूह 'क' विभागाध्यक्ष, समूह 'ख' व्याख्याता, समूह 'ग' (कर्मशाला अनुदेशक) के लिए भर्ती प्रारूप–01 एवं समूह 'ग' कनिष्ठ लिपिकों के लिए भर्ती प्रारूप–02 संस्था की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**(15)** कनिष्ठ लिपिक पदों हेतु अभ्यर्थियों का सेवायोजन विभाग उ0प्र0 के पोर्टल www.sewayojan.up.nic.in पर पंजीकरण होना अनिवार्य है, जिसका सेवायोजन पंजीकरण संख्या भर्ती प्रारूप–02 पर अंकित करना आवश्यक है।

**(16)** विभागाध्यक्ष के पद पर चयन की कार्यवाही साक्षात्कार के माध्यम से की जायेगी। व्याख्याता/कर्मशाला अधीक्षक के पद पर चयन की कार्यवाही लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से की जायेगी। व्याख्याता के पद पर चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा हेतु 80 प्रतिशत और साक्षात्कार हेतु 20 प्रतिशत अधिमान होगा तथा लिखित परीक्षा में अर्ह अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा। लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम संस्था के वेबसाइट www.djpbaraut.com पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

**(17)** कर्मशाला अनुदेशक के पदो पर भर्ती के लिए चयन के कुल 100 अंक निर्धारित है, जिसमें से 65 अंक सम्बन्धित विषय में लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के, 10 अंक न्यूनतम शैक्षिक अर्हता के तथा 20 अंक तकनीकी अर्हता के है एवं अधिकतम 05 अंक खिलाडी के है। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने से पहले कोशल परीक्षा देनी होगी। कोशल परीक्षा में क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थी ही लिखित परीक्षा में सम्मिलित किये जायेगें। कोशल परीक्षा हेतु विहित अंक केवल अर्हकारी होंगे और ऐसे अंक सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया में नही जोडे जायेंगे। लिखित परीक्षा एवं कोशल परीक्षा का पाठ्यक्रम संस्था की वेबसाइट www.djpbaraut.com पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

**(18)** कनिष्ठ लिपिक के पदों पर भर्ती के लिए चयन के कुल 100 अंक निर्धारित है, जिसमें से 65 अंक सम्बन्धित विषय में लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के, अधिकतम 20 अंक इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा के एवं अधिकतम 10 अंक स्नातक उपाधि के एवं अधिकतम 05 अंक खिलाडी के है।

**(19)** कनिष्ठ लिपिक पदों हेतु टंकण परीक्षा अर्हकारी प्रकृति की होगी। टंकण परीक्षा में असफल अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में सम्मिलित नही किया जायेगा।

**(20)** समूह 'ख' (व्याख्याता), समूह 'ग' (कर्मशाला अनुदेशक) एवं कनिष्ठ लिपिको की संख्या आवश्यकतानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

(डा0 अजय कुमार त्यागी)
प्रधानाचार्य/सचिव
दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक
बडौत (बागपत)

(जे0के0 जैन)
अध्यक्ष प्रबन्ध समिति
दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक
बडौत (बागपत)